आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 03.04.2025 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री की थाइलैण्ड के दौरान हुए कई समझौते, प्रधानमंत्री ने कहा थाइलैण्ड का एक्ट ईस्ट नीति में है विशेष स्थान।

- वक्फ संशोधन विधेयक राज्यसभा में पेश, चर्चा जारी।

- मुख्यमंत्री ने कहा वित्तीय प्रबंधन से प्रदेश सरकार ने सभी केन्द्रीय कोयला कंपनियों को किया पूरा भुगतान।

- प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश और ओलावृष्टि के लिए अलर्ट जारी, आज भी कई स्थानों पर छाये रहे बादल।

**पीएम.थाईलैंड यात्रा**

भारत और थाईलैंड ने सूचना प्रौद्योगिकीए समुद्रीए सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमए हस्तशिल्प और हथकरघा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के बीच बैंकॉक में आज द्विपक्षीय वार्ता के बाद ये समझौते हुए। दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और भारत.थाईलैंड द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के उपायों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत. थाईलैंड संबंधों को महत्वपूर्ण साझेदारी के रूप में स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि थाईलैंड का भारत की श्एक्ट ईस्टश नीति और हिंद.प्रशांत दृष्टिकोण में विशेष स्थान है।

**राज्यसभा.वक्फ**

वक्फ संशोधन विधेयकए 2025 पर राज्यसभा में चर्चा जारी है। विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना हैए जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं। विधेयक प्रस्तुत करते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हितधारकों के साथ.साथ संयुक्त संसदीय समिति के साथ विस्तृत परामर्श के बाद विधेयक लाया गया है। उन्होंने विपक्षी दलों से इस विधेयक का समर्थन करने का आग्रह किया। विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वक्फ का लाभ केवल मुस्लिम को ही मिल सकता है और कोई गैर मुस्लिम वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस के सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि यह विधेयक भ्रामक है और इसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के इरादे से लाया गया है। डॉ॰ हुसैन को बीच में रोकते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। सदन में चर्चा जारी है। लोकसभा ने कल रात विधेयक पारित कर दिया था।

**नगर निगम बजट**

भोपाल नगर निगम ने आज अपना बजट पेश कर दिया है। महापौर मालती रॉय ने 3611 करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया। नए बजट में नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशतए पानी और ठोस अपशिष्ट पर 15 प्रतिशत टैक्स की बढ़ोतरी की गई है। बजट में एमआईसी को 1 करोड़ रुपए की निधि दी गई है। आज इंदौर नगर निगम का आठ हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा पेश किए गए इस वार्षिक बजट में इस साल नया टैक्स का प्रावधान नहीं किया गया है।

**उत्तराखंड-धाम**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। यमुना जयंती के अवसर पर आज खरसाली स्थित मंदिर के पुजारियों ने धाम के कपाट खुलने की तिथि की घोषणा की। यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुनील उनियाल ने बताया कि 30 अप्रैल को मां यमुना की डोली पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथए अपने शीतकालीन प्रवास खरसाली गांव से सुबह 8 बजकर 28 मिनट पर यमुनोत्री धाम के लिए रवाना होगी। गंगोत्री के कपाट भी 30 अप्रैल को ही श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगेए जबकि केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई और बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खोले जाएंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर अपनी पुरानी देनदारी चुका करए नई दृष्टि से विकास के पैमानों पर आगे बढ़ रही है। आज जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय कर्मचारियों के हित में लगभग 10.15 वर्ष तक पुराने भत्तों की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य हैए जिसने अपनी 7.8 साल पुरानी सारी देनदारी चुकाने का कार्य किया। डॉ. यादव ने कहा कि कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर सभी केंद्रीय कोयला कंपनियों की देनदारियों का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया है।

**आंकांक्षी ज़िला**

आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत खंडवा ज़िले ने स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है। नीति आयोग ने जिले के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना करते हुए ज़िले को 3 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की है। इस उपलब्धि के लिये ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करनेए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और

कुपोषण के खिलाफ व्यापक रणनीति अपनाने के प्रयास प्रमुख रहे हैं। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खंडवा की यह उपलब्धि पूरे मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत इस तरह की सफलता प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

**गणवेश**

श्योपुर में जिला शिक्षा अधिकारी ने पुस्तक विक्रेताओं और नीजि विद्यालयों के संचालको के साथ बैठक में निर्देश दिये कि तीन वर्ष की अवधि तक न तो किसी विद्यालय द्वारा पाठ्य पुस्तको में बदलाव किया जायेगा और न ही गणवेश बदली जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्देश दिये गये कि सभी विद्यालयो में चयनित बोर्ड से संबंधित निर्धारित पाठ्यक्रम ही संचालित होंगे। किसी भी पालक एवं विद्यार्थियों की चिन्हित दुकानों से किताबे खरीदने के लिए बाध्य नही किया जायेगा। विद्यालय में चलाई जा रही पुस्तको की उपलब्धता सभी दुकानों पर सुनिश्चित करना होगी। बैठक में विद्यालयों से किताबो की सूची जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को अविलम्ब जमा कराने को कहा है। उन्होने बताया कि जिला स्तर पर पुस्तक मेले का आयोजन किया जायेगा।

मौसम

प्रदेश मे कई स्थानों पर हल्की बारिश और ओलावृष्टि के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर जिलों में ओलावृष्टि के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं भोपाल, विदिशा, रायसेन सहित 28 जिलों के लिए तेज हवा और बारिश के लिए यलों अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के इन्दौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, शहडोल संभांगों में कल कहीं–कहीं बारिश दर्ज की गई। पचोर, अशोकनगर, कुक्षी और कुरवई में 10 मिलीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक तापमान 40 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस नर्मदापुरम में दर्ज किया गया।

**समाचार संक्षेप में** :–

- आईपीएल क्रिकेट के 15वें मैच में आज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मेजबान कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।
- धार जिला प्रशासन ने जिले की सीमा के बाहर पशुचारे के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किये है।
- शहडोल जिले में एक अप्रैल से औसत 11 प्रतिशत जमीन के दाम बढ़ गए हैं। नई कलेक्टर गाइड लाइन लागू कर दी गई है।
- नीमच कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।
- झाबुआ में वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में किए जाने वाले निरीक्षण के तहत कलेक्टर नेहा मीना के द्वारा जिला कोषालय स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया।

………………